नाम निखिल पवार
अनुक्रमांक 907
विषय टेलीविजन
उपविषय

टीवी हेतु 5 मिनट की समाचार आधारित कार्यक्रम स्क्रिप्ट

Scanned with CamScanner

# आजादपुर मंडी : कोरोना संक्रमितों की संख्या 15 हुई, 12 दुकानें सील

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 अप्रैल।

दिल्ली के आजादपुर मंडी में कोरोना से संक्रमण थम नहीं रहा है। गुरुवार को चार और लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। इसे मिलाकर कोरोना संक्रमित मंडी व्यापारियों की संख्या अब तक 15 तक पहुंच गई है। करीब 12 दुकानों को सील किया जा चुका है। व्यापारियों के सीधे संपर्क में आए सभी लोगों को एकांतवास में भेज दिया गया है। बता दें कि आजादपुर मंडी में कोरोना से एक व्यापारी की मौत पहले ही हो चुकी है। व्यापारियों को आशंका है कि यह आंकड़ा अधिक भी हो सकती है। मंडी नियमित रूप से चल सके। इसके लिए पहल की जा रही है। हालांकि ऐसे में व्यापारियों में डर का माहौल है।

आजापुर मंड़ी कृषि विपणन समिति के अध्यक्ष आदिल अहमद खान के मुताबिक वहां कोरोना संक्रमण के मद्देनजर एतिहातिक कदम उठाए गए हैं। सब्जियों की आवक में भी बुधवार के मुकाबले सुधार है। आजादपुर मंडी को लगातार संक्रमणमुक्त किया जा रहा है। मंडी आने वाले सभी मजदूर, व्यापारी, ड्राइवर और किसानों को मास्क दिया जा रहा है, पूरी मंडी में सफाई अभियान चलाकर मंडी को रोजाना दो बार साफ किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक आजादपुर मंडी में सब्जी और फल मिलाकर लगभग 6000 टन आवक रहा, बुधवार को आवक लगभग 5000 दर्ज की गई थी। पूर्णबंदी के बाद से मंडी में आवक लगभग 7000 के आसपास दर्ज की जा रही थी। हरियाणा सरकार के निर्देश पर दिल्ली में वहां से आने वाले सब्जियों के व्यापारी और किसान दिल्ली के मंडियों में नहीं पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी आजादपुर थोक मंडी में हरियाणा से सब्जियों की आवक थोड़ी कम रही। लेकिन स्थिति असामान्य नहीं है। हरियाणा को छोड़ अन्य राज्यों मसलन हिमाचल, राज्यस्थान, मध्यप्रदेश से ट्रक मंडी पहुंच रहे हैं। मंडी के अंदर सब्जी और फल के दाम सामान्य रहे। गुरुवार को किसी तरह की कोई बढ़ोत्तरी नही दर्ज की गई है।

Scanned with CamScanner

नाम- निखिल पवार
विषय - टेलीविज़न

अनुक्रमांक - 907
सेमेस्टर - 4th

## ASSIGNMENT - 2

### टी.वी. के लिए 5 मिनट की किसी समाचार आधारित कार्यक्रम का स्क्रिप्ट लेखन :-

**एंकर -**

नमस्कार, आप देख रहे हैं देशचक्र। मैं हूं आपके साथ निखिल पवार...। कोरोना वायरस से बचने के लिए ज्यादातर लोग लॉकडाउन का पालन कर रहे हैं। घर में रह रहे हैं। सिर्फ ज़रूरी सामान लेने के लिए ही बाहर निकल रहे हैं लेकिन अगर इन्हीं ज़रूरी सामानों से कोरोना का संक्रमण होने लगे तो फिर क्या होगा? जी हाँ, दिल्ली के आज़ादपुर मंडी में कोरोना मरीज़ों की संख्या 15 हो चुकी है। आज हम आपको दिखाएंगे कि किस तरह दिल्ली की आजादपुर मंडी कोरोना का हॉटस्पॉट बन गई है।

**वॉइस ओवर 1 -**

क्या सब्ज़ियों से घर तक पहुँच रहा है कोरोना? सब्ज़ी मंडी कैसे बनी कोरोना मंडी? लॉकडाउन के बीच किचन से होकर आपके पेट तक जाने वाली सबसे ज़रूरी चीज़ क्या अब कोरोना का ख़तरा पैदा कर सकती है? ये है दिल्ली की सबसे बड़ी सब्ज़ी मंडी आजादपुर..।

Scanned with CamScanner

लॉकडाउन के बावजूद आपके घर तक सब्जियों की सप्लाई बनी रहे, इसके लिए यहाँ 24 घंटे थोक में सब्जियों की खरीद- बिक्री चलती रहती है। लेकिन चिंता वाली बात ये है कि यहाँ एक के बाद एक चौदह व्यापारी कोरोना वायरस की चपेट में आ गए हैं वहीं अब एक और नया केस सामने आया है जिससे अब संक्रमितों की संख्या 15 तक पहुँच गई है। वहीं अबतक एक व्यापारी की मौत भी हो गई है।

रिपोर्टर - देखिये लगातार पुलिस की तरफ से यहां पर घोषणा की जा रही है। बैरीकेटिंग की गई है ताकि लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अंदर की तरफ जाएं। लेकिन अंदर जैसे ही जाते है तो अंदर सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियाँ उड़ती हुई साफ नज़र आ रही हैं। कोरोना के लगातार जिस तरह से मामलें आ रहें हैं कारोबारी अंदर जाने में बचते नज़र आ रहें हैं। आपको बता दें, हरियाणा सरकार के निर्देश के बाद हरियाणा के सब्जी व्यापारी और किसान जो हैं वो दिल्ली के मंडियों में नहीं पहुंच रहें हैं। वहीं, हिमाचल, राजस्थान और मध्यप्रदेश से आवक जारी है और मंडी के अंदर सब्जी और फलों के दाम सामान्य बनें हुए हैं।

Scanned with CamScanner

बॉइस ओवर 2-

आजादपुर में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण से हड़कंप मच गया है। प्रशासन पॉजिटिव पाए जाने वाले लोगों के संपर्क में आने वालों की जांच कर रहा है। ... पूरी मंडी की 13 दुकानों को सील कर दिया गया है.., 45 लोगों को क्वारंटाइन किया गया है।

बाइट -

देखिये जिला प्रशासन द्वारा ये सूचना मिली है कि 15 लोगों को अभी कोरोना पॉजिटिव आया है. तो जिला प्रशासन ने हम लोगों को सूचित किया है और उसके बाद हमने उनकी दुकानों को सैनेटाइज करवाकर उनकी दुकानें सील कर दी हैं। करीब 46 लोगों को क्वारंटाइन किया गया है जो उनकी दुकानों पर काम करते थे। पूरी मंडी में सफाई अभियान चला हुआ है, और रोज दो बार इसे साफ किया जा रहा है।

-आदिल अहमद खान (अध्यक्ष, APMC)

Scanned with CamScanner

एंकर - और ज्यादा जानकारी के साथ, गौरव शर्मा.. हमारे संवाददाता इस वक्त जुड़ गए हैं। गौरव, जिस तरह से लगातार संक्रमण के मामले मंडियों में बढ़ रहे हैं उसको देखकर क्या लगता है? जो ढील दी गई है.. क्या वो वापस ली जा सकती है?

रिपोर्टर -

जी बिल्कुल निखिल। ज़ाहिर तौर पर जबसे पहले संक्रमण के मरीज़ का पता चला था और इसके बाद कल भी चार नए संक्रमण के मामले सामने आए और इसके बाद 15 पहुंच चुकी है संख्या। और आपको बता दूं 116 लोगों का टेस्ट जो है मंडी के अंदर से किया गया है, जिनकी रिपोर्ट अभी आना बाकि है। इसीलिए प्रशासन ने एहतियात बरतने पर ज़ोर देते हुए दुकानों की दो मेडिकल टीमों को अंदर तैनात किया है। पूरी मंडी को दिन में दो बार सैनेटाइज करने और साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखने के लिए कहा जा रहा है। साथ ही 12 दुकानों को सील किया गया है और 45 लोगों को मंडी के अंदर ही क्वारंटाइन किया गया है। तमाम एहतियात ज़रूर बरते जा रहे हैं लेकिन अब जो एशिया की सबसे बड़ी मंडी है वो कोरोना वाली मंडी बनती हुई नज़र आ रही है।

Scanned with CamScanner

एंकर -

ठीक है। बहुत-बहुत शुक्रिया इस तमाम जानकारी के लिए गौरव आपका ....।
आजादपुर मंडी की खबर यकीनन दिल्ली वालों के लिए परेशान करने वाली है।
बस जरूरत इस बात की है कि सरकार द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन आप करिये और सोशल डिस्टेंसिंग को बिल्कुल भी न छोड़े। ... फिलहाल के लिए इतना ही देश और दुनिया की तमाम बड़ी खबरों से जुड़े रहने के लिए आप देखते रहिए ... देशचक्र।

Scanned with CamScanner